ई-मेल द्वारा
**अति महत्वपूर्ण/समयवद्ध**

**प्रेषक,**
सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

**सेवा में,**
प्रधानाचार्य/निदेशक,
परिषद से सम्बद्ध समस्त,
राजकीय/अनुदानित एवं निजी क्षेत्र की संस्थाएं।

**पत्रांकः प्राशिप/अनु0-06/परी0फा0/2026/** ३५ **लखनऊः दिनांकः** ०२ / ०४ **/2026**

**विषयः सम सेमेस्टर/वार्षिक परीक्षा/बैक पेपर/विशेष बैक पेपर परीक्षा, मई 2026 की परीक्षा में सम्मिलित होने वाले पात्र छात्र/छात्राओं के परीक्षा फार्म** Student Login **के माध्यम से भराये जाने विषयक।**

**महोदय,**

कृपया उपर्युक्त विषयक परिषद पत्रांक प्राशिप/अनु06/परी0फा0/2025/8618 दिनांक 19/03/2026 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। जिसके माध्यम से सम सेमेस्टर/वार्षिक परीक्षा/बैक पेपर/विशेष बैक पेपर परीक्षा, मई 2026 हेतु डिप्लोमा इन फार्मेसी पाठ्यक्रम में अध्ययनरत प्रथम वर्ष एवं द्वितीय वर्ष के छात्र/छात्राओं के परीक्षा फार्म आंनलाइन भराये जाने हेतु दिनांक 20/03/2026 से 30/03/2026 की मध्य रात्रि तक पोर्टल खोला गया था।

आप अवगत ही हैं कि सम सेमेस्टर/वार्षिक परीक्षा/बैक पेपर/विशेष बैक पेपर परीक्षा, मई 2026 दिनांक 01/05/2026 से प्रारम्भ होना निर्धारित है। अतः सम सेमेस्टर/वार्षिक परीक्षा/बैक पेपर/विशेष बैक पेपर परीक्षा, मई 2026 की परीक्षा में समस्त पाठ्यक्रमों में सम्मिलित होने वाले पात्र छात्र/छात्राओं के परीक्षा फार्म परिषद वेबसाइट www.bteup.ac.in पर Student Login के माध्यम से आंनलाइन भराये जाने हेतु **दिनांक 03/04/2026 से 10/04/2026 तक** पोर्टल खोला जा रहा है। परीक्षा फार्म स्टूडेण्ट लांगिन के माध्यम से भराये जाने के संबंध में दिशा-निर्देश निम्नवत् हैं।

1. सभी छात्र/छात्रा अपने स्टूडेण्ट लांगिन के माध्यम से **दिनांक 03/04/2026 से 10/04/2026 तक** निर्धारित आंनलाइन शुल्क का भुगतान कर परीक्षा फार्म सबमिट करेंगे।
2. छात्र/छात्रा के द्वारा शुल्क जमा करने के उपरान्त छात्र का परीक्षा फार्म संस्था लांगिन पर प्रदर्शित होगा, जिसे संस्थान द्वारा **दिनांक 03/04/2026 से 11/04/2026 तक** परिषद को अग्रसारित किया जायेगा।
3. सम सेमेस्टर/वार्षिक/बैक पेपर परीक्षा, मई 2026 में सम्मिलित होने की अनुमति उन्हीं छात्र/छात्राओं को दी जायेगी जिनके परीक्षा आवेदन आंनलाइन प्रक्रिया द्वारा संस्था लांगिन से अग्रसारित किये गये हों। प्राविधिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश, लखनऊ द्वारा आवंटित अनुक्रमांक के बिना यदि किसी भी छात्र/छात्रा को परीक्षा में सम्मिलित कराया जाता है तो संस्था स्वयं उत्तरदायी होगी एवं छात्र/छात्रा की परीक्षा निरस्त कर दी जायेगी।
4. वार्षिक पद्धति एवं सेमेस्टर प्रणाली के अन्तर्गत अध्ययनरत छात्र/छात्राओं के परीक्षा शुल्क, अंकतालिका शुल्क एवं परीक्षा आवेदनपत्र शुल्क की धनराशि निम्नवत् हैः-

| क्रमांक | मद | धनराशि |
|---|---|---|
| 1. | सेमेस्टर प्रणाली के अन्तर्गत द्वितीय, चतुर्थ एवं षष्ठम सेमेस्टर की परीक्षा में सम्मिलित होने वाले छात्र/छात्राओं के परीक्षा शुल्क, परीक्षा आवेदनपत्र शुल्क एवं अंक तालिका शुल्क की ली जाने वाली धनराशि। | रू0 - 420/- प्रति छात्र/छात्रा प्रति सेमेस्टर। |
| 2. | वार्षिक पद्धति द्वारा संचालित पाठ्यक्रम डिप्लोमा इन फार्मेसी की परीक्षा में सम्मिलित होने वाले छात्र/छात्राओं के परीक्षा शुल्क, परीक्षा आवेदन पत्र शुल्क एवं अंकतालिका शुल्क की धनराशि। | रू0 - 570/- प्रति छात्र/छात्रा (प्रथम वर्ष)। |

| | | |
|---|---|---|
| 3. | द्वितीय/चतुर्थ एवं षष्ठ्म सेमेस्टर के छात्र/छात्राओं तथा वार्षिक पद्धति के अन्तर्गत परीक्षा में सम्मिलित होने वाले छात्र/छात्राओं के एक या दो विषय में बैक होने पर बैक पेपर परीक्षा हेतु ली जाने वाली कुल धनराशि। | रू0 - 200/- दो विषयों तक एवं दो विषयों से अधिक बैक पेपर होने पर प्रत्येक विषय हेतु रू0 - 100/- की दर से अतिरिक्त परीक्षा शुल्क। |
| 4. | विशेष बैक पेपर की परीक्षा में सम्मिलित होने वाले छात्र/छात्राओं के परीक्षा शुल्क, परीक्षा आवेदनपत्र शुल्क एवं अंक तालिका शुल्क की ली जाने वाली धनराशि। | रू0 - 370/- प्रति छात्र/छात्रा। |

5. यह भी अवगत कराना है कि "उत्तर प्रदेश प्राविधिक शिक्षा (प्रवेश, परीक्षाओं का संचालन और प्रमाण-पत्र और डिप्लोमा का प्रदान किया जाना) (प्रथम संशोधन) विनियमावली, 2016" के स्तम्भ-2 में एतद्द्वारा प्रतिस्थापित विनियम 22 के बिन्दु सं0-3 के अनुसार "पाठ्यक्रम को पूर्ण करने की अधिकतम समय-सीमा, अधोलिखित तालिका में उल्लिखित समय-सीमा के अनुसार होगी।"

| क्रमांक | पाठ्यक्रम की अवधि | पाठ्यक्रम पूर्ण करने की समय-सीमा |
|---|---|---|
| 1 | एक वर्षीय पाठ्यक्रम (दो सेमेस्टर) | दो शैक्षिक सत्र (चार सेमेस्टर) |
| 2 | दो वर्षीय पाठ्यक्रम (चार सेमेस्टर) | चार शैक्षिक सत्र (आठ सेमेस्टर) |
| 3 | तीन वर्षीय पाठ्यक्रम (छः सेमेस्टर) | छः शैक्षिक सत्र (बारह सेमेस्टर) |

अतः उक्त के दृष्टिगत निर्देशित किया जाता है कि उक्त निर्देशों का भलीभांति अनुसरण करते हुए अपनी संस्था के समस्त छात्र/छात्राओं का परीक्षा फार्म एवं परीक्षा शुल्क का भुगतान किये जाने संबंधी समस्त कार्यवाही समयान्तर्गत पूर्ण कराना सुनिश्चित करें, एवं साथ ही नोटिस बोर्ड पर सूचना चस्पा कराते हुए संस्था वाहट्सअप ग्रुप के माध्यम से भी छात्र/छात्राओं को अवगत कराना सुनिश्चित करें। यदि किसी भी छात्र/छात्रा का परीक्षा फार्म संबंधी कार्यवाही पूर्ण नहीं हो पाती है तो समस्त उत्तरदायित्व संबंधित छात्र/छात्रा एवं संबंधित संस्था प्रधानाचार्य का होगा। दिनांक 10/04/2026 की मध्यरात्रि के पश्चात पोर्टल स्वतः बंद कर दिया जायेगा। उक्त अवधि के पश्चात किसी भी दशा में पोर्टल नहीं खोला जायेगा।

Digitally signed by
SANTOSH KUMAR SINGH
Date: 02-04-2026
13:54:52

भवदीय,

(डॉ. संतोष कुमार सिंह)
सचिव।

**पृ0 सं0: प्राशिप/अनु06/परी0फा0/2026/35-39** **तद् दिनांक 02 /04/2026**

**प्रतिलिपिः-निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-**

1. निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव, प्राविधिक शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ को अपर मुख्य सचिव उ0प्र0 शासन, लखनऊ/अध्यक्ष प्राविधिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0 लखनऊ, महोदय के अवगतार्थ प्रेषित।
2. महानिदेशक, प्राविधिक शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
3. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश, कानपुर।
4. संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, पूर्वी क्षेत्र/बुन्देलखण्ड क्षेत्र/मध्य क्षेत्र/पश्चिमी क्षेत्र को इस अनुरोध के साथ कि अपने क्षेत्रान्तर्गत संस्थाओं को उपरोक्त के संबंध में निर्देशित करने का कष्ट करें।
5. प्रभारी, कम्प्यूटर अनुभाग, प्राविधिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0, लखनऊ को इस निर्देश के साथ कि उक्त के संबंध में आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

(डॉ. संतोष कुमार सिंह)
सचिव।